
RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : बुधवार 03 जनवरी 2023 वर्ष 05 अंक 251 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## बेस्ट को चाहिए तीन हजार करोड़ !
# मनपा ने दिए 500 करोड़...

*मुंबई। कर्ज के बोझ से दबती जा रही बेस्ट को कर्ज से उबरने के लिए 3 हजार करोड की जरूरत है। बेस्ट उपक्रम ने मनपा को बजट के माध्यम से तीन हजार करोड देने की गुहार लगाई थी। मनपा प्रशासन ने बेस्ट को मात्र 500 करोड़ रुपया ही मंजूर किया है । चालू आर्थिक वर्ष में मनपा ने बेस्ट को पहले 800 करोड़ रुपया दिया था।*



अब मनपा ने 500 करोड़ और दिया जरूर है लेकिन पैसा समय पर नहीं मिलने से बेस्ट का घाटा खत्म नहीं हो पा रहा है और बेस्ट का प्रोजेक्ट भी अधूरा रह जा रहा है जिससे बेस्ट को भी अनुदान का फायदा नहीं मिल पा रहा है। घाटे में चल रही बेस्ट की आर्थिक स्थिति सुधरने का नाम ही नही ले रही है। मनपा प्रशासन ने वर्ष 2023 24 इस आर्थिक वर्ष में बीत को 800करोड़ की आर्थिक सहायता की थी। मनपा ने वर्ष 2022 23 में भी 1382 करोड़ का अनुदान दिया गया था। इस बीच बेस्ट उपक्रम ने वर्ष 2024 25 के बजट में बेस्ट को लगभग ढाई हजार करोड़ का घाटा रहने का अनुमानित बजट दिया है।बेस्ट ने मनपा से घाटे से उबरने के लिए 3 हजार करोड़ की मांग रखी है । मनपा ने पिछले साल दिए 800 करोड़ के अनुदान में और 500 करोड़ और देना मंजूर किया है । बेस्ट को 500 करोड़ देने के बावजूद बेस्ट घाटे से उबर पाए क्या ऐसा सवाल खड़ा किया जा रहा है। बेस्ट हर महीने लगभग डेढ़ सौ से दो सौ करोड़ के घाटे में जा रही है। बढ़ता खर्च और घटती कमाई से बेस्ट का घाटा बढ़ता ही जा रहा है। बस की संख्या और घटने से और घाटा बढ़ रहा है। आर्थिक वर्ष खत्म होने के बाद बेस्ट लगभग ढाई हजार से तीन हजार करोड़ के घाटे में चली जाएगी। बेस्ट का संचित घाटा 8 हजार करोड़ पहुंच जाएगा यदि व्याज का भुगतान और बेस्ट में बसों की संख्या बढ़ाने सेवा निवृत्ति हुए कर्मचारी का बकाया देना और टाटा कंपनी का बिजली बिल देने पर जोर दिया गया तो बेस्ट की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है।मनपा पिछले चार पांच साल से बेस्ट को कुछ अनुदान दे रही है जिससे बेस्ट कुछ हद तक चल पा रही है लेकिन इसी तरह चलता रहा तो बेस्ट का पहिया मनपा से पूर्ण रूप से अनुदान न मिलने पर पंचर हो जाएगा और बेस्ट निजी संस्थाओं के हाथ में चली जाएगी। यह चिंता बेस्ट के कर्मचारियों में लगी है ।



## प्रशासन के आश्वासन के बाद ट्रक चालकों ने वापस ली हड़ताल



**नासिक** : 'हिट एंड रन' (सड़क दुर्घटना के बाद मौके से भाग जाना) मामलों से संबंधित नए कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे ट्रक चालकों ने अधिकारियों के आश्वासन के बाद महाराष्ट्र के नासिक में अपनी हड़ताल वापस ले ली. देश के कई राज्यों में सोमवार से शुरू हुआ ट्रक चालकों का प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा, जिसके कारण डिपो में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति नहीं हो पाई और लोग ईंधन की कमी की आशंका के बीच पेट्रोल पंपों पर उमड़ पड़े.

ट्रक चालकों ने महाराष्ट्र में मुंबई, नागपुर, सोलापुर, धाराशिव, नवी मुंबई, पालघर, नागपुर, बीड, हिंगोली, छत्रपति संभाजीनगर, नासिक, गडचिरोली और वर्धा सहित महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया. नासिक जिले के कलेक्टर जलज शर्मा और पुलिस अधीक्षक शाहजी उमाप ने मंगलवार को पनवाडी में परिवहकों , डीलरों, पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारियों और अन्य हितधारकों के साथ बैठक की. कलेक्टर के आश्वासन के बाद परिवहक हड़ताल खत्म करने पर राजी हो गए. बैठक के बाद कलेक्टर ने कहा, 'डीलरों और परिवहकों के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया. हमने उनकी चिंताओं को सुना और उन्हें उनकी शिकायतों और विचारों को केंद्र तक पहुंचाने का आश्वासन दिया. इसके बाद वे परिचालन फिर से शुरू करने पर सहमत हुए.' हड़ताली परिवहकों में शामिल विकास करकाले ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'बैठक में, जिला कलेक्टर ने हमें आश्वासन दिया कि हमारे विचारों और मांगों को केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाएगा.

## आइसक्रीम नहीं दिलाया तो 7-9 साल की बेटियों के सामने पिता को घोंपा चाकू,




**मुंबई** : मुंबई में एक चौंकाने वाली घटना घटी है। अपनी दो बेटियों के साथ सैर पर निकले 29 वर्षीय शख्स को अज्ञात व्यक्ति ने बेरहमी से चाकू मार दिया। शहर की डीएन नगर पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार का लिया। पीड़ित का नाम वसीम अकरम खान (29) है, वह अंधेरी-पश्चिम में रहता है। यह घटना 30 दिसंबर को डॉ. आरिफ अस्पताल के पास हुई। बताया जा रहा है कि वसीम अकरम खान अपनी सात और नौ साल की बेटियों को आइसक्रीम की दुकान पर ले गए थे। इस बीच वहां आरोपी पहुंच गया और उसने आइसक्रीम खरीदकर देने के लिए कहा। कथित तौर पर जब खान ने उसके लिए भी आइसक्रीम खरीदने से इनकार कर दिया था तो उसने चाकू घोंप दी। खान का कूपर अस्पताल में इलाज चल रहा है। डीएन नगर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा, आरोपी आवेश मकरानी उर्फ नाका को 24 घंटे के भीतर इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से चाकू भी जब्त किया गया है। आरोपी पर पहले से मारपीट का मामला दर्ज हैं। घायल व्यक्ति अब खतरे से बाहर है।

पुलिस ने बताया मकरानी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना के दिन जब खान अपनी बेटियों के साथ जा रहे थे तो उसने उनसे पूछा कि वे कहां जा रहे हैं। जब पीड़ित ने मकरानी को बताया कि वे आइसक्रीम खरीदने जा रहे हैं, तो वह भी उनके साथ चलने लगा और आइसक्रीम दिलाने के लिए बोला।

## 22 जनवरी को महाराष्ट्र में
# सार्वजनिक अवकाश ?

### बीजेपी विधायक की डिमांड...

**मुंबईः** बीजेपी ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन दिवस पर राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन देश भर के लोगों से दिवाली मनाने की अपील की है। बीजेपी विधायक अतुल भातखलकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है, ताकि लोग अयोध्या में राम मंदिर का उद्‌घाटन देख सकें। सीएम को लिखे पत्र में उन्होंने सरकारी और निजी दोनों स्तर पर छुट्टी



की मांग की है। उनका कहना है कि छुट्टी होने से यह सुनिश्चित होगा कि हर कोई कार्यक्रम देख सकेगा।

भातखलकर ने अपने पत्र में लिखा है कि 22 जनवरी को घर-घर में दिए जलाकर दिवाली मनाने का संकल्प लिया गया है। जो लोग प्रत्यक्ष रूप से अयोध्या नहीं जा पा रहे हैं उन लोगों के लिए भी स्थानीय स्तर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इन कार्यक्रमों शामिल होने के लिए लोगों को मौका मिलना चाहिए। इसके लिए भी सार्वजनिक छुट्टी घोषित होना जरूरी है। 22 जनवरी एक ऐतिहासिक दिन होने वाला है। भगवान राम के मंदिर निर्माण के लिए लगभग 500-550 साल तक संघर्ष चला। इसमें सैकड़ों रामभक्तों ने अपने प्राणों की आहुति दी। इस मंदिर का निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। सभी राम भक्तों को इस दिन का इंतजार है जब भगवान श्री राम मंदिर में विराजमान होंगे। उस दिन अपने-अपने क्षेत्रों में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। करोड़ों राम भक्तों के साथ-साथ शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे और आनंद दिघे का भी सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर बने।

## गोवंडी में कई दुकानों में आग लगी, कोई घायल नहीं



**मुंबई** : मुंबई के गोवंडी उपनगर में एक झुग्गी बस्ती इलाके में स्थित कई दुकानों में मंगलवार दोपहर आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जानकारी के मुताबिक, घटना में कोई घायल नहीं हुआ है और आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया, 'जाकिर हुसैन नगर की एक झुग्गी बस्ती में स्थित एक भवन के भूतल पर चार से पांच दुकानों में दोपहर लगभग तीन बजे आग लग गई। यह मुख्य रूप से बिजली के तारों, बिजली के उपकरणों, कबाड़ के सामान और कार्डबोर्ड कागज आदि तक ही सीमित है। 'उन्होंने बताया कि दमकल के कम से कम चार अग्निशमन वाहन और अन्य गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और आग को बुझाने का अभियान जारी है।




## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### कठिन संतुलन...

सोलहवें वित्त आयोग के लिए सरकार की योजनाएं आकार ले रही हैं और इनमें कुछ चौंकाने वाली बातें शामिल हैं। सरकार ने यह घोषणा की है कि सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री अरविंद पानगड़िया (वर्तमान में कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और नीति आयोग के गठन के तत्काल बाद उसके उपाध्यक्ष रह चुके हैं) इस आयोग की कमान संभालेंगे। आयोग के अन्य सदस्यों के बारे में घोषणा का इंतजार है। प्रोफेसर पानगड़िया निश्चित तौर पर इस बात से अवगत हैं कि भारत में तकनीकी प्राथमिकताओं के क्रियान्वयन के मामले में किस प्रकार की राजनीतिक बाधाएं सामने आती हैं। वर्तमान व्यवस्था भी इससे अलग नहीं है। परंतु इसके बावजूद वित्त आयोग के अध्यक्ष के रूप में काम करने के लिए एक नाजुक राजनीतिक संवेदनशीलता की आवश्यकता होती है ताकि राजकोषीय संघवाद के मामले में विभिन्न राजनीतिक गुटों के बीच समझौते को तेजी से अंजाम देने में मदद मिल सके।


तथ्य यह है कि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच संघीय तनाव बढ़ने के बीच वित्त आयोगों की भूमिका लगातार अहम होती जा रही है। वित्तीय संसाधनों और राजनीतिक शक्ति को लेकर राज्यों के बीच अलग-अलग मत के साथ भी यही बात है। उदाहरण के लिए दक्षिण भारत के राज्य उत्तर भारत के राज्यों को किए जाने वाले हस्तांतरण के आकार को लेकर बहुत अधिक चिंतित हैं। अन्य राज्य सरकारें इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अपनी नीतियों को लेकर उन्हें बहुत कम स्वतंत्रता हासिल है। वस्तु एवं सेवा कर ने बिक्री कर तय करने की उनकी स्वतंत्रता छीन ली है। केंद्र सरकार के कल्याण कार्यक्रम बहुत अधिक प्रभावी होते जा रहे हैं और समय के साथ स्थानीय बिजली वितरण कंपनियों के उपयोग या दुरुपयोग जैसे संरक्षण के अवसर भी कम होते जा रहे हैं। निस्संदेह क्षेत्रीय नेता इसे राजनीतिक गुंजाइश बनाने और उसे बरकरार रखने की अपनी क्षमता में घुसपैठ के रूप में देखते हैं। ऐसे में नीतिगत प्रयोगों और राज्य स्तर की कुछ जरूरतों की पूर्ति के लिए भी बहुत कम गुंजाइश बचती है। सोलहवें वित्त आयोग के पास यह जिम्मेदारी होगी कि वह उन संसाधनों का निर्धारण करे जो इन नाखुश राज्य सरकारों के लिए उपलब्ध होंगे। ऐसे में आयोग का काम व्यापक तौर पर कार्यशील संघवाद के संरक्षण का होगा जबकि इसके साथ ही उसे वृद्धि और विकास की गति को भी बरकरार रखना होगा।

सोलहवें वित्त आयोग से जुड़ा दूसरा आश्चर्य यह है कि सरकार ने आयोग के कार्यक्षेत्र के बारे में न्यूनतम निर्देश जारी करने का निर्णय लिया है। पिछले वित्त आयोगों को सुरक्षा व्यय को नियंत्रित करने से लेकर सरकार के तीसरे स्तर को मिलने वाली वित्तीय मदद तक की सुरक्षा की समीक्षा के लिए विभिन्न विषयों का एक विस्तृत सेट जारी किया गया था। पंद्रहवें वित्त आयोग के कार्यक्षेत्र को कुछ हद तक विवादास्पद भी माना जाता है क्योंकि यह माना गया कि वे राज्यों की कल्याण योजनाओं को 'लोकलुभावन' ठहराने को प्रोत्साहित करती थीं जबकि केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ ऐसा नहीं था। सोलहवें वित्त आयोग के कार्यक्षेत्र में ऐसे किसी भी विवाद से बचा गया है। कार्यक्षेत्र के बिंदु संविधान के तहत ऐसे आयोगों के लिए दिए अधिदेश के अनुरूप हैं। ऐसे में आयोग के अध्यक्ष को सामान्य से अधिक विवेकाधिकार दिए जाएंगे। उसे ही यह तय करना होगा कि आयोग को किन मुद्दों पर अधिक समय लगाना है। आयोग का प्रबंधन राष्ट्रीय एकीकरण की कवायद होगा, न कि साधारण तकनीकी अथवा लेखा कवायद। यह बात भी महत्वपूर्ण है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 3000 करोड़ के प्रोजेक्ट बचाने के लिए 'रडार' का माइग्रेशन!

**नवी मुंबई:** पिछले तीन वर्षों से सिडको और सेंट्रल एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा चलाए गए खोज अभियान के बाद नवी मुंबई हवाई अड्डे के रडार और डॉप्लर सिस्टम के कारण पाम बीच रोड और इसके आसपास की सैकड़ों करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर भ्रम आखिरकार दूर हो गया है। रडार सिस्टम को सिडको के एनआरआई कॉम्प्लेक्स के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल के पीछे एक बड़ी पट्टी में स्थापित किया जाना था। सिडको ने खुद केंद्र सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी थी कि इससे 3,000 करोड़ रुपये की निर्माण परियोजनाएं और भूमि लेनदेन रुक जाएंगे। निरीक्षण दौरे, तकनीकी रिपोर्ट के बाद, रडार और निगरानी प्रणाली को नियोजित हवाई अड्डे के दक्षिण में बेलापुर और डुंगी गांव के




पास शाहबाज में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। इसलिए पाम बीच क्षेत्र में लक्जरी निर्माण परियोजनाओं को राहत मिली है। केंद्र और राज्य सरकारों ने नवी मुंबई हवाईअड्डा परियोजना के लिए दिसंबर 2025 का लक्ष्य तय कर लिया है। रडार और डॉपलर सिस्टम की स्थापना में कठिनाई आ रही थी, जो हवाई अड्डे के निर्माण में महत्वपूर्ण कदम थे। सिडको के वरिष्ठ सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस एयरपोर्ट के लिए तीन जगहों पर रडार सिस्टम लगाया जाएगा। इनमें से पहला रडार सिस्टम पाम बीच रोड पर एनआरआई कॉम्प्लेक्स के पीछे, दिल्ली पब्लिक स्कूल के पीछे स्थापित किया जाना था। इसके अलावा दूसरा रडार सिस्टम एयरपोर्ट के अंदरूनी हिस्से में और तीसरा रडार माथेरान की पहाड़ी पर लगाने का फैसला किया गया है।

एयरपोर्ट के अंदरूनी हिस्से में लगे रडार सिस्टम के अलावा बाहरी हिस्से में लगा रडार और डॉपलर सिस्टम विमानों की आवाजाही के लिए अहम माना जाता है। सिडको ने सेंट्रल एयरपोर्ट अथॉरिटी को रिपोर्ट सौंपी थी कि अगर यह राडार डीपीएस स्कूल के पीछे लगाया जाएगा तो इस पर 200 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस राडार के प्रभाव क्षेत्र से आसपास की इमारतों की ऊंचाई सीमित हो जाएगी।

## डायघर में एक झील में 1 महिला का शव



**कलवा :** डायघर गांव में सॉलिड वेस्ट प्लांट के बगल तालाब में 35 से 40 साल की एक महिला का शव मिलने की घटना सामने आयी. जब मोहल्ले के नागरिकों ने दाइघर गांव की सीमा में तालाब में एक अज्ञात महिला का शव तैरता देखा तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना शील दाइघर पुलिस को दी. इस समय, पुलिस और मुंब्रा फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शव को झील से बाहर निकाला। शील-डायघर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कलवा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल भेज दिया है। जानकारी सामने आ रही है कि ये महिला इसी इलाके की है और पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है.

## भिवंडी में डीप क्लीन ड्राइव के लिए सड़क पर उतरे मनपा आयुक्त सहित अधिकारी



**भिवंडी :** भिवंडी में डीप क्लीन ड्राइव के लिए सड़क पर उतरे मनपा आयुक्त सहित अधिकारीदेश सहित राज्यों में महा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत नये वर्ष के पहले दिन भिवंडी पालिका परिसीमा अंतर्गत पांचों प्रभाग समिति में युद्ध स्तर पर महा स्वच्छता अभियान यानी डीप क्लीन ड्राइव चलाया गया। इस अभियान का शुभारंभ पालिका प्रशासक एवं आयुक्त अजय वैद्य ने आज सोमवार को भिवंडी बस डिपों से नागांव सड़क पर झाड़ू लगाकर किया है। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके, संजय हिरवाडे, उपायुक्त दीपक झिंझाड, प्रणाली घोंगे के आलावा सभी विभाग प्रमुख अधिकारी, इंजिनियर,कर्मचारी व स्वच्छता कर्मचारियों ने हाथों में झाडू लेकर सहभागी हुए और सड़क पर झाड़ू भी लगाया। यही नहीं सड़क के आलावा डिवाइड को पानी से धोया गया।

## यूरिया खाद के अवैध स्टॉक पर बोईसर पुलिस ने की कार्रवाई...!

**बोईसर:** बोईसर पुलिस ने बोईसर के चिल्हार मार्ग स्थित एक गोदाम में छापेमारी कर कृषि उपयोग के लिए यूरिया खाद का संदिग्ध स्टॉक जब्त किया है. इस मामले में पुलिस गोदाम मालिक की तलाश कर रही है. 31 दिसंबर की रात जब पुलिस बोईसर चिल्हार मार्ग पर गश्त कर रही थी, तभी गुंडेले में वाघोबा दर्रे के पास अंदरूनी सड़क पर कुछ युवक पुलिस को देखकर भाग गए. जब पुलिस ने संदेह के आधार पर इस स्थान पर एक बंद गोदाम का निरीक्षण किया, तो पुलिस को कृषि उपयोग के लिए यूरिया उर्वरक का तीन टन अवैध स्टॉक और दो वाहन मिले।

इसकी जानकारी पालघर कृषि



विभाग को देने के बाद कृषि विभाग के जिला गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक प्रकाश राठौड़ और लक्ष्मण लमकाने ने गोदाम में स्टॉक के नमूने लिए और स्टॉक को अपने कब्जे में ले लिया. बोइसर पुलिस के माध्यम से गोदाम में यूरिया के अवैध स्टॉक और गोदाम के मालिक का पता लगाया जा रहा है और आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक भगवान चौधरी द्वारा की जा रही है।

## नाबालिग ने की 25 साल के शख्स की हत्या, मां के साथ अवैध संबंध से था नाराज




**लातूर :** महाराष्ट्र के लातूर जिले में अपनी मां के साथ अवैध संबंध रखने वाले एक व्यक्ति पर हमला करने और उसकी हत्या करने के आरोप में 17 साल के एक लड़के को हिरासत में लिया गया है. पुलिस ने बताया कि लड़के ने सोते समय 25 साल के व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी. पीड़ित एक दूध विक्रेता था. पीड़ित का शव एक गौशाला में मिला था. जांच के दौरान पुलिस को किशोर पर शक हुआ. इसके बाद उसे हिरासत में लिया गया.

## शहरी नियोजन अधिकारियों की 'एसआईटी' द्वारा जांच... डोंबिवली में 65 अवैध बिल्डिंग के मामले

**कल्याण:** मानपाड़ा, रामनगर पुलिस ने उन डेवलपर्स, वास्तुकारों और भूमि मालिकों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं, जिन्होंने डोंबिवली में 65 अवैध इमारतें खड़ी की थीं और इन इमारतों के लिए, महाराष्ट्र रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (महारेरा) पंजीकरण संख्या प्राप्त करके इन अवैध इमारतों में फ्लैट बेचने की कोशिश की थी। । हैं ठाणे अपराध जांच विभाग की विशेष जांच टीम ने इस मामले में कल्याण डोंबिवली नगर पालिका के टाउन प्लानिंग विभाग की भूमिका को समझने के लिए टाउन प्लानिंग



अधिकारियों से पूछताछ की है।

कल्याण डोंबिवली नगर पालिका ने 65 अवैध इमारतों के खिलाफ क्या कार्रवाई की? क्या इन इमारतों में फ्लैट डेवलपर्स द्वारा ग्राहकों को बेचे गए हैं? नगर पालिका द्वारा इन इमारतों को क्यों नहीं तोड़ा जाता? इसकी जांच के लिए पुलिस की विशेष जांच टीम और नगर पालिका के अतिक्रमण नियंत्रण उपायुक्त जल्द ही डोंबिवली बुलाएंगे जहां सी, एच और ई वार्ड में माफिया द्वारा ये अवैध इमारतें खड़ी की गई हैं। 'एसआईटी' के एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया कि संबंधित अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा. पिछले विधानसभा सत्र में डोंबिवली में 65 अवैध निर्माणों के मुद्दे पर चर्चा हुई थी. उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि पुलिस की एक विशेष जांच टीम डोंबिवली में 65 अवैध इमारत मामलों की जांच कर रही है। सदन को आश्वासन दिया गया है कि जांच रिपोर्ट के बाद सरकार इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

# एक विदेशी 'बाबा' के सम्मान में आयोजित की रेव पार्टी



**ठाणे:** जांच में पता चला है कि नए साल की पूर्व संध्या पर आयोजित रेव पार्टी एक विदेशी 'बाबा' को सम्मान देने के लिए आयोजित की गई थी. साथ ही सोशल मीडिया पर किए गए 'पोस्ट' पर कुछ कोड वर्ड का इस्तेमाल किया गया था. इसके मुताबिक वहां नशीली दवाओं का सेवन करने वाले युवक एकत्र हुए थे। कासारवडवली इलाके में ठाणे खाड़ी के तट पर एक सुनसान जगह पर एक रेव पार्टी का आयोजन किया गया था।

ठाणे क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विकास घोडके, सहायक पुलिस निरीक्षक भूषण शिंदे की एक टीम ने उस स्थान पर छापा मारा और रेव पार्टी को नष्ट कर दिया। पुलिस ने ऑपरेशन में तेजस कुबल और सुजल महाजन को गिरफ्तार किया है। 95 लोगों को हिरासत में लिया गया. ये युवा आईटी सेक्टर, कॉल सेंटर में काम कर रहे हैं। हालाँकि तेजस और सुजल दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन आयोजकों ने कुछ अन्य युवाओं को भी शामिल किया है। इन युवाओं ने इंस्टाग्राम पर पार्टी की जानकारी दी थी. पार्टी की तैयारी वाली 'पोस्ट' पर परवली के शब्दों और तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया था. केवल ड्रग उपयोगकर्ता, ज्यूकबॉक्स प्लेयर और ड्रग तस्कर ही इन शब्दों और छवियों को जानते हैं। इस पोस्ट पर एक पिता का नाम भी लिखा था.

# महाराष्ट्र श्रम विभाग ने टीसीएस को भेजा नोटिस, गलत तरीके से तबादले का आरोप...

**मुंबई :** अनैतिक स्थानांतरण करने की शिकायत मिलने पर महाराष्ट्र श्रम विभाग ने आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को नोटिस भेजा है। नैसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉयी सीनेट (नाइट्स) द्वारा दायर शिकायत में आरोप लगाया है कि कंपनी ने कोई जानकारी या नोटस दिए बगैर अपने 2 हजार कर्मचारियों का तबादला कर दिया। बिजनेस स्टैंडर्ड ने श्रम विभाग द्वारा जारी नोटिस को देखा है, जिसमें टीसीएस के अधिकारियों को इस मुद्दे को हल करने के लिए 18 जनवरी को बुलाया गया है। नाइट्स ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के पास औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। उसे 300 से ज्यादा ऐसी शिकायतें




मिली थीं कि टीसीएस बगैर किसी जानकारी के अपने कर्मचारियों का तबादला दूसरे शहरों में कर रही है, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयां हो रही हैं।

नाइट्स के प्रेसिडेंट हरप्रीत सिंह सलूजा ने कहा, 'कंपनी ने कर्मचारियों को धमकी दी थी कि तबादले की प्रक्रियाओं का पालन नहीं करने पर उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। तबादले का विरोध करने वाले कर्मचारियों का वेतन भी अब कंपनी ने रोक दिया है।' इस बारे में जानकारी के लिए टीसीएस के भेजे गए ई-मेल का कोई जवाब नहीं मिला है। कंपनी अभी चुप है क्योंकि उसे 11 जनवरी को वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी करने हैं। टीसीएस ने अपने कर्मचारियों को मुंबई कार्यालय स्थानांतरित करने के संबंध में भेजे गए एक ई-मेल में कहा है, 'आपको टीसीएस के मुंबई कार्यालय में स्थानांतरित किए जाने संबंधी ईमेल के संदर्भ में बताया जाता है कि आपको 14 दिनों के भीतर संबंधित कार्यालय में पहुंच कर स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया था। मगर, ऐसा पाया गया है कि आपने अब तक संबंधित कार्यालय में रिपोर्ट नहीं किया गया। इसलिए कंपनी तत्काल प्रभाव से आपका वेतन रोकने की प्रक्रिया शुरू कर रही है।' बिजनेस स्टैंडर्ड ने भी इस ई-मेल को देखा है। पिछले साल जुलाई में नाइट्स श्रम मंत्रालय में शिकायत दर्ज की थी क्योंकि टीसीएस ने बाहरी भर्तियों को शामिल करने में देरी की थी। टीसीएस उन शुरूआती कंपनियों में से एक थी जिसने कर्मचारियों को सप्ताह में पांच दिन कार्यालय में आकर काम करने के लिए कहा था।

# शिवसेना बनाम बीजेपी के बैनर तले लड़ाई

**डोंबिवली :** राज्य स्तरीय अखंड हरिनाम सप्ताह आज से श्री मलंग किले के आधार पर शुरू हो रहा है। यह समारोह राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में होगा. इस मौके पर शिव सेना शिंदे गुट की ओर से जगह-जगह बड़ी संख्या में बैनर लगाए गए हैं. एक तरह जहां सेना की ओर से शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बीजेपी ने भी उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस का झंडा उठा लिया है. एक तरह से देखा जा रहा है कि बीजेपी शिंदे गुट में बैनर की जंग छिड़ी हुई है.

कोंकण क्षेत्र में सबसे बड़ा राज्य स्तरीय अखंड हरिनाम सप्ताह ठाणे और रायगढ़ जिलों के वारकरी मंडल के अंतर्गत श्रीमलंगड की तलहटी में आयोजित किया जाता है। यह समारोह श्री मलंगगढ की तलहटी में स्थित उसाटेन गांव में आयोजित



किया जाएगा। इस महोत्सव में राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की प्रमुख उपस्थिति रहेगी जबकि कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. इस समारोह के मुख्य अतिथि श्रीकांत शिंदे हैं. साथ ही उद्घाटन समारोह के मौके पर घोड़ा अखाड़ा भी आयोजित किया जाएगा और इसके लिए सीधे संत ज्ञानेश्वर मौली के घोड़े लाए जाएंगे. इस मौके पर रिंग सेरेमनी के दौरान डिंडी पर हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए जाएंगे. मुख्यमंत्री शिंदे थोड़ी देर में समारोह में शामिल होंगे. उनके स्वागत के लिए शिवसेना शिंदे समूह ने डोंबिवली, कल्याण-शील रोड, खोनी-तलोजा रोड पर एक बड़ा बैनर लगाया है। सड़क पर एक भी खंभा या जगह नहीं छोड़ी गई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की तस्वीरें दिखाई गई हैं. शिव सेना शिंदे गुट बड़ी संख्या में बैनर लहराकर शक्ति प्रदर्शन कर रहा है.

दूसरी ओर, यह हिस्सा बीजेपी विधायक गणपत गायकवाड़ के निर्वाचन क्षेत्र में आता है और उन्होंने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस की तस्वीर वाला बैनर लगाकर यह दिखाने की भी कोशिश की है कि उनकी ताकत कम नहीं है। शहर में जगह-जगह जो बैनर लगाए गए हैं, वो एक तरह से शिव सेना, शिंदे गुट और बीजेपी के बीच लड़ाई की तस्वीर पेश कर रहे हैं.

# प्रकाश आंबेडकर ने राहुल गांधी पर लगाए ये आरोप

## विपक्षी गठबंधन इंडिया में कांग्रेस की भूमिका को लेकर सवाल खड़े किए

**मुंबई:** वंचित बहुजन आघाडी नेता प्रकाश आबेडकर ने कहा कि वह आश्चर्यचकित हैं कि विपक्षी सहयोगियों के बीच सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू करने के बजाय कांग्रेस राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा की तैयारी कर रही है. वहीं. आंबेडकर के पोते ने गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि कांग्रेस बीजेपी की मदद कर रही है. इस बात पर उन्होंने स्पष्टीकरण मांगा है. महाराष्ट्र में वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के नेता प्रकाश आंबेडकर ने सीट शेयरिंग मामले में गंभीरता नहीं दिखाने की बात कहते हुए कांग्रेस की तीखी आलोचना की है. प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि अगर कांग्रेस सीटों के बंटवारे पर फैसला करने में ज्यादा वक्त लेती है तो इससे बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी को मदद मिलेगी. वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) नेता ने कहा कि वह आश्चर्यचकित है कि विपक्षी सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे की बातचीत शुरू करने के बजाय कांग्रेस राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा की तैयारी कर रही है. उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने को लेकर गंभीर है या नहीं? प्रकाश आंबेडकर ने कहा, ''केवल गठबंधन के बारे में बात करने से काम नहीं चलता. आपको (कांग्रेस) अपने इरादे स्पष्ट करने चाहिए कि आप लड़ना चाहते हैं या नहीं. प्रकाश आंबेडकर की वीबीए को अभी तक विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक में शामिल नहीं किया गया है. लगभग 26 पार्टियों ने विपक्षी गुट के साथ गठबंधन किया है. उन्होंने कहा कि यह नीतीश कुमार ही थे जिन्होंने सभी विपक्षी दलों को एक साथ जमा किया और अब कांग्रेस ने मोर्चा संभाल लिया है. प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि कांग्रेस को जल्द से जल्द बातचीत सुनिश्चित करनी चाहिए और नेतृत्व करना चाहिए. प्रकाश आंबेडकर ने यह भी कहा है कि उन्होंने और शिवसेना के उद्धव ठाकरे ने पहले ही तय कर लिया है कि अगर महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सीटों का बंटवारा नहीं हो पाता है तो उन्हें किन सीटों पर लड़ना चाहिए.

# पनवेल-बांद्रा एनएमएमटी बंद!

**मुंबई :** एनएमएमटी की पनवेल-बांद्रा वातानुकूलित डीजल बस सेवा को नवी मुंबई नगर परिवहन निगम ने बंद कर दिया है। इस रूट पर अब साधारण डीजल बसें चलेंगी। मुंबई में डीजल बसों को आठ साल की अवधि तक चलाने की अनुमति है। इसी तरह पनवेल-बांद्रा रूट पर पिछले पंद्रह साल से चल रही एनएमएमटी की वातानुकूलित बस नंबर 105 की मियाद 31 दिसंबर को पूरी हो गई है। इसके अलावा, BEST की टिकट की कीमत NMMT से कम है और इस रूट पर बस यात्राएँ अधिक हैं।

# गोखले ब्रिज का पहला बीम (गर्डर) उतारने का काम जल्द होगा शुरू

**मुंबई:** रेलवे ट्रैक पर अंधेरी ईस्ट और वेस्ट इलाके को जोड़ने वाले गोखले ब्रिज का पहला बीम (गर्डर) स्थापित करने के बाद इसे 14 मीटर उत्तर की ओर शिफ्ट करने का काम भी पूरा हो गया. अब इस बीम को 7.5 मीटर तक नीचे करने का काम आने वाले हफ्तों में शुरू होने की संभावना है। इस काम में करीब दस दिन लगेंगे और उसके बाद सरिया बिछाकर सीमेंट कंक्रीट किया जाएगा। यदि कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरा हो गया तो 15 फरवरी 2024 तक गोखले ब्रिज की एक लेन खोलने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। पश्चिम रेलवे प्रशासन द्वारा



अनुमोदित योजना के अनुसार और पश्चिम रेलवे द्वारा निर्देशित के अनुसार हो सकता है। राइट्स लिमिटेड उनकी तकनीकी देखरेख में इस पुल का काम चल रहा है. चर्चगेट जाने वाले ट्रैक पर लगे बीम को विरार जाने वाले ट्रैक पर शिफ्ट करने का काम 20 दिसंबर को पूरा हो गया। इसके बाद जनवरी के पहले सप्ताह में बीम उतारने का काम शुरू हो जाएगा। इस गर्डर को 7.5 मीटर नीचे लाकर नगर पालिका द्वारा निर्मित पहुंच मार्ग से जोड़ा जाएगा। बीम को नीचे लाने की तैयारी का काम पूरा हो चुका है। बीम को चरणों में नीचे लाया जाएगा। इस प्रक्रिया में सभी चरण बहुत सख्त हैं और रेलवे सुरक्षा मानदंड जैसी चीजें काम की प्रगति को सीमित करती हैं। लगभग एक घंटे की रेल की 'ब्लॉक' अवधि में बीम को केवल 15 सेमी तक नीचे किया जा सकता है। इसलिए, गोखले ब्रिज के इस विशाल 1,300 टन के गर्डर को 7.5 मीटर नीचे करने में अधिक समय लग सकता है।

# हैबी डिपोजिट पर मकान देने का वादा कर लाखों रुपए की ठगी...

**भिवंडी :** भिवंडी के शांतिनगर पुलिस ने नागरिकों की शिकायत पर हैबी डिपोजिट पर मकान देने का वादा कर कई वर्षों से ठगी का धंधा करने वाला ठगबाज को हिरासत में लिया है। दूसरे की घरों में झाड़ूपोछा कर जीविका चलाने वाली महिला रेश्मा इस्लाम खान की शिकायत पर पुलिस ने ठगबाज वसीम अहमद हस्नैन खान के खिलाफ भादंवि की धारा 420, 406, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शांतिनगर के नादिया पार का रहने वाला वसीम अहमद हस्नैन शाह ने असगर सेठ की बिल्डिंग गैबीनगर में हैबी डिपोजिट 2 लाख रुपए लेकर रेश्मा खान को




मकान दिलाने का वादा किया था। लेकिन कई महीना बीत जाने के बाद भी मकान नहीं दिलाया। इसी तरह 5 अन्य लोगों से हैबी डिपोजिट पर मकान दिलाने के नाम पर लगभग 15 लाख 50 हजार रुपए का ठगी कर चुका था। हैबी डिपोजिट पर मकान लेने वाले जब उससे पैसा वापस मांगते तो पैसा वापस देने के लिए आनाकानी करता। यह ठगबाजा लगभग 6 लोगों से अभी तक 17 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर चुका है।




# 'नेहरू नहीं पटेल की नीति पर चलेगी मोदी सरकार...'

## चीन के लिए यथार्थवाद की नीति पर काम कर रही मोदी सरकारः एस जयशंकर

**नई दिल्ली :** सीमा विवाद की वजह से पिछले कुछ सालों से भारत और चीन के रिश्ते में खटास पैदा हो गई है। पिछले कुछ सालों में लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में दोनों देशों के सैनिक कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। वहीं, हिंद महासागर में चीन अपनी विस्तारवादी नीति पर काम कर रहा है। हालांकि, मोदी सरकार द्वारा लगातार 'ड्रैगन' को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-चीन के रिश्तों पर विस्तार से चर्चा की। एस जयशंकर ने कहा,''शुरूआत से ही जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल के बीच चीन को कैसे जवाब दिया जाए इस मुद्दे पर तीव्र मतभेद रहा है। मोदी सरकार चीन से निपटने में सरदार पटेल द्वारा शुरू की गई यथार्थवाद की नीति के अनुरूप काम कर रही है।



हमने ऐसे रिश्ते बनाने की कोशिश की है जो आपसी संबंधों पर आधारित हों। जब तक उस पारस्परिकता को मान्यता नहीं दी जाती, इस रिश्ते का आगे बढ़ना मुश्किल होगा।'' जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-चीन संबंधों का विकास सम्मान, संवेदनशीलता और हित के तीन पारस्परिक तत्वों द्वारा निर्देशित होता है। चीन के साथ माइंड गेम खेलने के बारे में विदेश मंत्री ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि हम हमेशा हारे हैं, लेकिन पहले ऐसी कई घटनाएं हुईं, जिन्हें आज समझना बहुत मुश्किल है।

### चीन के प्रति नेहरू के दृष्टिकोण पर विदेश मंत्री ने उठाए सवाल

भारत के पहले गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री सरदार पटेल और पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दृष्टिकोण में अंतर बताते हुए जयशंकर ने दोनों दिग्गजों के बीच मतभेद पर जोर डालते हुए कहा,'' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सीट को लेकर यह मेरा मामला नहीं है कि हमें अनिवार्य रूप से सीट लेनी चाहिए थी, यह एक अलग बहस है, लेकिन यह कहना कि हमें सीट को हासिल करने का मौका पहले चीन को जाने देना चाहिए। चीन का हित पहले आना चाहिए, यह एक बहुत ही अजीब बयान है।'' विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगे कहा,''ताली बजाने के लिए दो हाथों की जरूरत होती है। मैं इस मुद्दे को इस तरह से प्रस्तुत करता हूं कि यदि आप हमारी विदेश नीति के पिछले 75 से अधिक वर्षों को देखें, तो उनमें चीन के बारे में यथार्थवाद कम और आदर्शवाद, गैर-यथार्थवाद दिखा।''

# 'घंटाघर' पर लगा टिकर 6 महीने से है बंद !



**मुंबई:** घड़ी पर चलने वाले मुंबईकरों को कभी बंद घड़ी नहीं दिखेगी। लेकिन दक्षिण मुंबई में महात्मा ज्योतिबा फुले मंडई (क्रॉफर्ड मार्केट) के सामने का 'क्लॉक टॉवर' चिन्ह छह महीने के लिए बंद कर दिया गया है। इसलिए, व्यापारी, दुकानदार, विक्रेता और फेरीवाले मांग कर रहे हैं कि समय की याद दिलाने वाला पुराना साथी फिर से उनके साथ हो। फुले मंडई देश-विदेश से मुंबई घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र माना जाता है। क्रॉफर्ड मार्केट की स्थापना वर्ष 1869 में ब्रिटिश अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए की गई थी। एक प्राचीन विरासत संरचना, इस मंडी का नाम तत्कालीन नगर आयुक्त आर्थर क्रॉफर्ड के नाम पर रखा गया था।

# बाइक तेज चलाने पर टोका तो चचेरे भाइयों ने युवक को मार डाला, चाचा भी आरोपी...




**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है। पालघर के तलसारी में एक युवक की उसके ही परिवार के सदस्यों ने मिलकर बेरहमी से हत्या कर दी। दिल दहला देने वाली ये घटना तलसारी के जरी इलाके में घटी है। आरोप है कि तीन लोगों ने 31 साल के युवक को इसलिए मार डाला, क्योंकि उसने तेज रफ्तार बाइक चलाने का विरोध किया था। दो चचेरे भाईयों और चाचा ने मिलकर युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। पालघर के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार को तलसारी के जरी इलाके में 30 वर्षीय शख्स की हत्या कर दी गयी। इस मामले में मृतक के तीन रिश्तेदारों को हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच तलसारी पुलिस कर रही है। शुरूआती जांच में पता चला कि वारदात उस वक्त हुई जब पीड़ित अपने 23 और 31 साल के दो चचेरे भाईयों के साथ बाइक पर पीछे बैठ कर कहीं जा रहा था। इस बीच उनमें तेज रफ्तार में बाइक चलाने को लेकर झगड़ा हो गया। अधिकारी ने बताया कि पूरा विवाद तेज गति से दोपहिया वाहन चलाने पर सवाल उठाने को लेकर हुआ। पीड़ित ने बाइक की तेज गति को लेकर सवाल किया, जिससे झगड़ा शुरू हो गया। कथित तौर पर बाद में चचेरे भाईयों और 53 वर्षीय चाचा ने युवक पर धारदार हथियार से वार किया। गंभीर जख्म होने से पीड़ित की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए, सरकारी अस्पताल भेजा।

# मुंबई/ आरे जंगल में मिली तेंदुए की खाल की फोरेंसिक जांच शुरू

**मुंबईः** वन विभाग के अधिकारियों ने आरे कॉलोनी में मिली तेंदुए की खाल और पंजे की जांच शुरू कर दी है. इस बीच, अवशेषों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है और यह पता चला है कि आरे कॉलोनी में पाए गए तेंदुए की खाल में दाहिनी ओर एक छेद है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि तेंदुए को दूर से गोली मारी गई होगी। आरे बस्ती में गणेश मंदिर तालाब के पास कपड़े में लिपटी तेंदुए की खाल और नाखूनों के हिस्से पाए गए। इस बीच, प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत घटना की सूचना आरे कॉलोनी पुलिस स्टेशन को दी। इसके अनुसार वन विभाग आगे की कार्रवाई में जुट गया. इस बीच, ठाणे वन विभाग (क्षेत्रीय) के उप वन संरक्षक संतोष शांते ने कहा कि हमने पहले ही जांच शुरू कर दी है। तेंदुए की खाल को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पहली नजर में ऐसा लगता है कि त्वचा काफी पुरानी है. हम इस घटना की हर पहलू से जांच कर रहे हैं. वन्यजीव शोधकर्ता तेंदुए के नमूनों का अध्ययन कर रहे हैं।

# ईंधन ट्रकों के शहर में प्रवेश नहीं करने के डर से मोटर चालकों की वसई विरार में पेट्रोल पंप पर लग गई कतार

**वसईः** नए मोटर व्हीकल एक्ट के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों ने विरोध शुरू कर दिया है. इसका असर अब हर जगह है. चूंकि ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर हैं, इसलिए वसई विरार में पेट्रोल पंप पर वाहन चालकों की लंबी कतारें लग गईं, उन्हें डर था कि ईंधन ट्रक शहर में नहीं आएंगे। हाल ही में, केंद्र सरकार ने एक नया मोटर वाहन अधिनियम पेश किया है। इस नए कानून के मुताबिक दस साल की सजा और लाखों रुपये के जुमानें का प्रावधान है. साथ ही यह कानून अब गैर जमानती है. ट्रक ड्राइवरों ने इस सख्त कानून का विरोध



किया है. मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर हिंसक प्रदर्शन हुआ. कोई समाधान नहीं निकलने के कारण ट्रक ड्राइवरों का विरोध प्रदर्शन अभी भी जारी है. इस विरोध का असर माल ढुलाई समेत अन्य परिवहन पर पड़ने लगा है. इस हड़ताल के कारण शहर में ईंधन ट्रक आएंगे या नहीं, इस डर से नए साल के पहले दिन शाम को वसई विरार के पेट्रोल पंप पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी. .वसई के स्टेला स्थित पेट्रोल पंप पर वाहन चालकों की लंबी कतारें लगी थीं. वे कतारें सीधे सड़क पर आ जाने के कारण यातायात बाधित हो गया. इस कारण पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराते-भरते ट्रैफिक पुलिस के पसीने छूट गये.

# मशहूर फिल्म अभिनेता राकेश बेदी से साइबर ठगी...



**मुंबईः** हिंदी टीवी सीरियल और फिल्म राकेश बेदी का फ्लैट खरीदने के नाम पर एक जालसाज ने 85 हजार रुपये की साइबर ठगी की है. इस संबंध में मुंबई के ओशिवारा पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी रोकथाम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। बेदी के पास पुणे के कोंढवा इलाके में दो कमरे का फ्लैट है। चूंकि वह इसे बेचना चाहता था, इसलिए उसने फ्लैट खरीदने और बेचने के लिए एक वेबसाइट पर इसका विज्ञापन दिया था। 25 दिसंबर को उनके पास आदित्य कुमार नाम के शख्स का फोन आया। उस व्यक्ति ने बेदी से फ्लैट की और तस्वीरें मांगी, यह कहते हुए कि वह भारतीय सेना में काम करता है और उसे संबंधित फ्लैट पसंद है। जब उसने और तस्वीरें भेजीं तो अगले दिन एक और फोन आया। उसमें मेरे वरिष्ठ अधिकारियों को फ्लैट पसंद आया और उन्होंने फ्लैट की कीमत पूछी. बेदी ने जब उन्हें 87 लाख रुपये बताए तो वह शख्स फ्लैट खरीदने के लिए राजी हो गया।

# सोशल मीडिया पर महिलाओं से दोस्ती कर उनकी अश्लील तस्वीरें उनके पतियों को भेजने की धमकी देकर पैसे ऐंठने वाला शख्स गिरफ्तार

**मुंबईः** सोशल मीडिया पर महिलाओं से दोस्ती कर उनकी अश्लील तस्वीरें उनके पतियों को भेजने की धमकी देकर पैसे ऐंठने वाले एक आरोपी को देवनार पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है. आरोपी का नाम असलम खान (25) है और पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है. गोवंडी इलाके में रहने वाली एक महिला को कुछ महीने पहले एक अनजान मोबाइल नंबर से मैसेज आया।

महिला ने उसे उत्तर दिया. इसके बाद दोनों में दोस्ती हो गई. इसके बाद आरोपी ने महिला को उसके मोबाइल



फोन पर वीडियो कॉल किया और उसकी कुछ अश्लील तस्वीरें बना लीं। इसके बाद कुछ ही दिनों में आरोपी ने महिला को धमकाना शुरू कर दिया. आरोपियों ने महिला से 50 हजार रुपये की मांग की. उसने पैसे न देने पर तस्वीरें सोशल मीडिया पर और उसके पति को भी पोस्ट करने की धमकी दी।

महिला ने देवनार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबर से उसका पता ट्रेस किया। लेकिन आरोपी गुजरात, तमिलनाडु और राजस्थान राज्यों में घूमने के कारण पुलिस की पकड़ में नहीं आया. देवनार पुलिस को आरोपी के बारे में राजस्थान के भीलवाड़ा में जानकारी मिली. तदनुसार, पुलिस ने जाल बिछाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को शक है कि आरोपी ने इसी तरह कई महिलाओं से पैसे ऐंठे हैं. पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com